हमारी गणना करें 2020

गणना में शक्ती है

ASIAN AMERICANS ADVANCING JUSTICE

COUNTUSIN2020.ORG

2020 की जनगणना में मुझसे क्या पूछा जाएगा?

प्रशन? अंग्रेजी और अन्य भाषाओं में सहायता के लिए हमारी जनगणना हॉटलाइन को 844-2020-API पर कॉल करें। अधिक जानकारी के लिए www.CountUsIn2020.org/hotline पर जाएं।

जनगणना मार्च 2020 में शुरू होगी! जनगणना में आपके उत्तर यह सुनिश्चित करेंगे कि आपके परिवार और समुदाय को सरकारी संसाधनों, सेवाओं और प्रतिनिधित्व का उचित हिस्सा प्राप्त हो। मार्च 2020 के मध्य से आप जनगणना का ऑनलाइन उत्तर दे सकते हैं या फ़ोन अथवा डाक द्वारा उत्तर दे सकते हैं। प्रत्येक घर (घर में वे सभी व्यक्ति शामिल हैं जो एक ही पते पर रहते हैं) को ***एक*** फॉर्म जमा करना होगा और उस पते पर रहने वाले प्रत्येक व्यक्ति को सूची में दर्ज करना होगा।

जनगणना 2020 में आपके घर के बारे में निम्नलिखित जानकारी मांगी जाएगी:

1 अप्रैल को घर में रहने वाले लोगों की संख्या	*आपके घर में रहने वाले प्रत्येक व्यक्ति को शामिल करें चाहे वह आपका संबंधी नहीं भी हो। जनगणना में अमेरिका में रहने वाले छोटे बच्चों, गैर-नागरिकों, किराएदारों सहित प्रत्येक व्यक्ति की गिनती की जाती है।*
क्या आपका घर अपना है या आप किराये पर रहते हैं?	
टेलीफ़ोन नम्बर	*इसका प्रयोग केवल जनगणना ब्यूरो के सरकारी काम-काज के लिए आवश्यक होने की स्थिति में ही किया जाएगा।*

जनगणना 2020 में आपके घर में रहने वाले लोगों के बारे में जानकारी मांगी जाएगी:

घर के प्रत्येक व्यक्ति का नाम, लिंग, आयु और जन्मतिथि	
फॉर्म भरने वाले व्यक्ति के साथ संबंध।	
जाति	*आप एक या अधिक जाति चुन सकते हैं। यदि आपकी पहचान बहुजातिय है, तो आप अपनी जाति के समूहों के लिए एक बॉक्स या एक से अधिक बॉक्स पर निशान लगा सकते हैं और अपनी जाति पृष्ठभूमि के बारे में और विस्तार भी लिख सकते हैं।*

	चेक बॉक्स विकल्पों के अंतर्गत सभी नस्ली समूह सूचीबद्ध नहीं हैं। यदि आपका नस्ली समूह सूचीबद्ध नहीं है, तो आप अपनी नस्ली पृष्ठभूमि के बारे में अतिरिक्त विवरण लिख सकते हैं।
हिस्पैनिक मूल	*हिस्पैनिक मूल को एक नस्ल माना जाता है, जाति नहीं।* *आप सूचित कर सकते हैं कि आप हिस्पैनिक मूल के नहीं है, या बता सकते हैं कि आप हिस्पैनिक हैं और अपना नस्ल मूल सूचित कर सकते हैं।*

इस फॉर्म में आपकी इमिग्रेशन या नागरिकता की स्थिति के बारे में *नहीं* पूछा जाएगा।
फॉर्म में आपका सामाजिक सुरक्षा नंबर *नहीं* पूछा जाएगा।

क्या जनगणना में भागीदारी सुरक्षित है?

आपके द्वारा जनगणना में दिए गए उत्तर गोपनीय रहते हैं। जनगणना ब्यूरो को आपकी व्यक्तिगत जानकारी अन्य सरकारी एजेंसियों, आप्रवासन अधिकारियों, या जनता के साथ साझा करने की अनुमति नहीं है। संघीय कानून के अनुसार सभी के लिए जनगणना में भाग लेना तथा सभी प्रश्नों का सही उत्तर देना आवश्यक है। जनगणना में झूठी जानकारी न दें। यदि आप कोई प्रश्न छोड़ देते हैं, तो भी आपके फॉर्म की गिनती होगी। आप सब जानकारी सही तरह से देंगे तो उससे ये सुनिश्चित होगा कि जनगणना के किसी कर्मचारी को आपके घर पर बाकी जानकारी लेने न आना पड़े।

आप जनगणना के बारे में अधिक जानकारी इस पर पा सकते हैं: www.CountUsIn2020.org/resources